समस्या | बुनियादी जरूरतों के लिए मोहताज हो रहे विद्यार्थी, जनप्रतिनिधि भी नहीं दे रहे ध्यान

# पानी को जूझ रहे छात्र-छात्राएं, बरामदे में लग रही क्लास





**धारनाकला, नवभारत।** एक ओर जहां सरकार शिक्षा की गुणवत्ता के साथ छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा दिलाने कृत संकल्पित है वहीं दूसरी ओर आज भी ऐसे कई शिक्षण संस्थान हैं जहां छात्र-छात्राओं को बुनियादी जरूरतों के लिए मोहताज होना पड़ रहा है।

कुछ ऐसा ही मामला शासकीय उच्चतर महा विद्यालय धारनाकला में देखने को मिला है जहां अव्यवस्थाओ का अम्बार लगा हुआ है जहां सरकार शासकीय विधालयों में अच्छी शिक्षा का दम्भ भर रही है तो दूसरी तरफ शासकीय स्कूलों सहित अन्य शिक्षण संस्थानों के हाल यह हैं कहीं बिल्डिंग जर्जर हो चुकी है तथा छात्र-छात्राओ की बैठक व्यवस्था भी सही नहीं है इसके बाद भी जवाबदारों का ध्यान न जाना समझ से परे है।

## फर्श में दरी बिछाकर अध्ययन के लिये मजबूर विद्यार्थी

उल्लेखनीय है की शासकीय उच्चतर माध्यमिक विधालय धारनाकला में छात्र छात्राओ की बैठक व्यवस्था न होने से विधालय के छात्र छात्राओ की क्लास बरामदे मे लग रही है और नीचे फर्श मे दरी बिछाकर शिक्षा अध्ययन के लिये छात्र छात्राए मजबूर है जबकि इसके पूर्व भी विधालय के प्राचार्य तथा स्टाप के द्वारा जन प्रति निधियो को आमंत्रित कर विधालय की समस्याओ से अवगत कराया गया है तथा विभागीय अधिकारियो से भी छात्र छात्राओ की बैठक व्यवस्था के सम्बध्द मे अनेको बार अवगत कराया जा चुका है किन्तु इसके बाद भी आज तक विधालय की समस्याओ की ओर किसी ने भी ध्यान देना मुनासिब नहीं समझा।

## विद्यालय में 865 छात्र-छात्राएं हैं अध्ययनरत

यहा यह भी उल्लेखनीय है की इस विद्यालय मे 865 छात्र छात्राए अध्ययन रत है किन्तु विधालय मे नवमी से बारहवी तक के छात्र छात्राओ की बैठक व्यवस्था ठीक नही है विधालय मे बने हालो मे भी डेस्क बेंच मे चार चार छात्र बैठकर शिक्षा अध्ययन कर रहे है और शेष सैकडो छात्र छात्राओ को विद्यालय के बरामदे मे बिठाया जा रहा है ऐसी स्थिति मे शासकीय महाविद्यालय स्कूलो मे अच्छी शिक्षा सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गई है जबकि इस विधालय का परीक्षा परिणाम भी प्रति वर्ष अच्छा रहा है किन्तु जवाबदारो का विधालय मे व्याप्त अव्यवस्थाओ पर ध्यान न जाना समझ से परे है।

## लंबे समय से विद्यालय में है पेयजल का अभाव

यहा यह बताना भी लाजिमी है लम्बे समय से विद्यालय मे अध्यनरत छात्र छात्राए पेयजल समस्या से भी जूझ रहे है इस सम्बध्द मे विधालय के स्टाप ने बताया की जब से विधालय के समीप स्थित बोर धसका है तभी से विधालय मे पेयजल की समस्या बनी हुई है पहले बोर के पानी से विधालय मे पर्याप्त पानी उपलब्ध हो जाता था किन्तु अब पानी के लिये परेशान होना पड रहा है स्टाप ने यह भी बताया की पेयजल समस्या को दूर करने के प्रयास किये जा रहे है और इस सम्बध्द मे विभागीय अधिकारियो के साथ साथ जन प्रति निधियो को भी अवगत करा दिया गया है

## क्षेत्र के जन प्रतिनिधि भी उदासीन

यहां यह भी उल्लेखनीय है की जहा सासंद निधि तथा विधायक निधि से ग्राम पंचायतो मे रोड तथा पुलिया निर्माण ठेकेदारी प्रथा पर ग्राम में जारी है वहीं दूसरी तरफ हमारे जिले व क्षेत्र के जन प्रतिनिधि आवश्यकता के अनुसार अपनी निधि का उपयोग विद्यालय तथा शासकीय स्कूलों में क्यों नहीं करते जहां कल का भविष्य यहां जुड़ा हुआ है क्या जिले के जवाबदार इस ओर ध्यान देंगे।



# विधायक ने सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

**उगली।** ठाकुर रजनीश सिंह अपने विधानसभा क्षेत्र में पुलिस थाना उगली अंतर्गत विगत 19 नवंबर को खुर्सुरा रेत खदान में हुए गोली कांड के बाद गत दिवस अपने उगली प्रवास पर पहुंचकर विश्रामगृह में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के बीच संचालित रेत खदान का विरोध करते और बीते 13 नवंबर से शतत् जिला कलेक्टर को व्हाट्सएप में वीडियो आदि के रेत खदान के साक्ष्य उपलब्ध करायें जिसके आधार पर कलेक्टर महोदया ने संबंधित अधिकारियों को खदान क्षेत्र में भेजने का आश्वासन दिया.

इसके बाद 19 नवंबर को खुरसुरा ग्राम पंचायत अंतर्गत इमली टोला ग्राम के हीरे खदान में बालाघाट के रेट व्यवसाय ठेकेदार राजेश रामलाल पाठक के खदान संचालक मैनेजर के द्वारा खदान को पुणे चालू करने के लिए पूजन इत्यादि कार्य किया जा रहा था जिसका विरोध इमली टोला ग्राम के ग्रामीणों के द्वारा किया गया जिस आधार पर दोनों पक्ष में विवाद की स्थिति निर्मित हो गई और विवाद इतना बढ़ गया कि आत्मघाती हमला किया गया जिसमें इमली टोला के विकास पिता गजानंद पटेल इस घटनाक्रम में गोली लगने से घायल अवस्था में केवलारी के बाद सिवनी और वर्तमान में नागपुर में इलाज चल रहा है इतनी बड़ी घटना अपने विधानसभा में घटित होने के बाद अपने व्यस्ततम कार्यों से समय निकालकर क्षेत्रीय विधायक ठाकुर रजनीश सिंह गत दिवस उगली विश्रम ग्रह पर पहुंचकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के बीच उपस्थित होकर मुख्यमंत्री मोहन यादव मध्य प्रदेश शासन को बागडोंगरी और खुरसुरा की खदानों को तुरंत निरस्त करते हुए इस घटनाक्रम में घायल विकास पटले का उचित इलाज कर शीघ्र स्वस्थ होने के लिए ईश्वर से कामना किया पुलिस थाना उंगली में असी समर हुई के प्रधान आरक्षक शेर सिंह बघेल एवं स्टाफ के द्वारा ज्ञापन स्वीकारते हुए थाना प्रभारी श्रीमान सदानंद गोदावरी से दूरभाष में संपर्क कर विधायक श्री और सभी कार्यकर्ताओं को कार्यवाही का आश्वासन दिया गया.

विधायक श्री के साथ क्षेत्रीय नेता मो. शाबिर अंसारी आनंद भगत अशोक शांडिल्य योगेंद्र पटले संतोष ठाकुर बाबूलाल बिसेन गुलाब कवास विष्णु शर्मा पत्रकार राजदीप रांहगडाले राजेश पटले आलोक होमनकर अजय मात्रे साकेत राज टेंभरे सुरेश कंगाले और लगभग सैकड़ो कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही.

# विधायक ने बंदियों के साथ किया वंदेमातरम् का गायन

▶ बंदियों की मांग पर एलईडी टीवी एवं भजन मंडल सामग्री प्रदान करने की दी स्वीकृति

**सिवनी।** सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने बंदी भाईयों के साथ वंदे मातरम का गायन किया। भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे संपूर्ण भारत मे वंदे मातरम गायन किया जा रहा है जो वर्ष भर चलेगा। जिसके अंतर्गत आज भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के साथ ग्राम नगझर स्थित जिला जेल पहुंचकर बंदी भाईयों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का गायन किया।

आयोजित कार्यक्रम के पूर्व मे सर्वप्रथम विधायक दिनेश राय मुनमुन ने मां भारती के छायाचित्र पर माल्यार्पण व नमन कर कार्यक्रम आरंभ कराया। तथा 07 नवंबर 2025 से 07 नवंबर 2026 तक वर्ष भर चलाये जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम गायन की जानकारी प्रदान किया।

इस दौरान विधायक दिनेश राय मुनमुन ने बंदियों की मांग पर एलईडी टीवी एवं भजन मंडल सामग्री शीघ्र ही प्रदान करने की बात कही। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों, जेल अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बंदियों की उपस्थिति रही।







# फाईलें पहुंची भोपाल, अब ड्राप डाउन में नाम आने का इन्तजार

▶ धान खरीदी केन्द्र पाने के लिए राजनीति प्रारम्भ

**धारनाकला, नवभारत।** जिले में समर्थन मूल्य पर होने वाली धान खरीदी की पूर्ण तैयारी विभाग द्वारा कर ली गई है तथा आधा सैंकड़ा खरीदी केन्द्र भी समितियो को आवंटित कर दिये गये है ऐसी स्थिति मे 01 दिसम्बर से खरीदी की शुरूआत होना तय हो गया है वहीं दूसरी तरफ जिले मे 24 से 26 धान खरीदी केन्द्र महिला स्व सहायता समूहो को आवंटित होना है जिसकी तैयार करते हुऐ एन आर एल एम द्वारा महिला स्व सहायता समूहो से फाईले जमा कराते हुऐ फाईलो की जांच कर फाईले खाद्य संचालनालय भोपाल भेजी गई हैं

बताया जाता है कि फाईलो की जांच उपरान्त महिला समूहो के नाम ड्राप डाउन मे प्रदर्शित किये जायेगे और उसी आधार पर महिला समूहो को केन्द्र आवंटित करने की प्रक्रिया प्रारम्भ होगी वैसे पिछले सत्र की तुलना मे जिला खाद्य अधिकारी मनोज पुरबिया के द्वारा एक साथ केन्द्रो की शुरूआत पर जोर देते हुऐ कार्यवाई की गई है ताकि समितियो के साथ साथ महिला स्व सहायता समूहो को भी समय पर धान खरीदी की शुरूआत कर,ने का मौका मिल सके

## महिला स्व सहायता समूह के ठेकेदार लगे जुगत में

बताया जाता है कि महिला स्व सहायता समूह एवं खासकर महिला समूह की आड मे अपनी रोटी सेकने वालो के चेहरे भी जिला पंचायत मे नजर आऐ जो महिला समूह की धान खरीदी फाईल हाथ मे लिये अधिकारियो तथा नेताओ के माध्यम से धान खरीदी केन्द्र पाने के लिये जुटे हुऐ है वही दूसरी तरफ यह भी देखा गया की क ई विवादित महिला समूह अपनी पूरी जोर आजमाइश नेताओ के कंधे पर कर रहे है और अन्त मे जोर आजमाइश के चलते विवादित महिला समूह की फाईले भी भोपाल पहूच चुकी है ऐसी स्थिति मे उपार्जन समिति पारदर्शिता से केन्द्रो का निर्धारण करती है अथवा पिछले सत्र की तरह इस वर्ष भी विवादित समूह उपार्जन समिति पर दबाव बनाने मे कामयाब होगे यह तो आने वाला समय ही बतायेगा

## सरकार की मंशानुरूप हो केन्द्रों का आवंटन

उल्लेखनीय है की जहा सरकार महिलाओ को आत्म निर्भर और स्वावलंबी बनाने के प्रयास मे लगातार काम कर रही है और इसी कडी मे महिला स्व सहायता समूहो को वर्ष 2020-21 से धान खरीदी की जिम्मेदारी समितियो की तरह महिला स्व सहायता समूहो को सौपी गई और बहूत कम गिने चुने केन्द्रो मे महिला समूह के द्वारा धान खरीदी का कार्य किया गया इसके बाद से महिला समूह के गठन मे भी तेजी आई तथा एन आर एल एम कार्यालय से महिला समूह के पंजीयन होते चले गये और आने सत्र मे धान उपार्जन कार्य लेने की होड मच गई और महिला समूह को केन्द्र भी आवंटित हो गये किन्तु भारी धान शार्टेज के चलते अनेको समूह भी समितियो की तरह ब्लेक लिस्टेड हो गये और यह वसूली की कार्यवाई आज भी बाकि है किन्तु धान शार्टेज की स्थिति निर्मित न हो इस उद्देश्य से खाद्य विभाग तथा प्रशासनिक नीति मे वर्ष 2022-23 से बदलाव करते हुऐ एम पी स्टेट सिविल सप्लाईज सिवनी मे अमानत के तौर पर दस लाख की एफ डी आर के साथ दो लाख की एफ डी अनिवार्य कर दी गई जिस नीति के तहत धान खरीदी मे आने वाले बडे शार्टेज पर विराम तो लग गया किन्तु धान खरीदी केन्द्र और अपने मनचाहे केन्द्र को पाने के लिये नेताओ का हस्तक्षेप सामने आने लगा और यही कारण है ऐसे प्रभाव शाली महिला स्व सहायता समूह लगातार एक ही धान खरीदी केन्द्र मे जमे रहे और वर्तमान मे भी यही हकीकत फिर देखने को मिल रही है और यह भी सामने आया है की ऐसे प्रभाव शाली तथा राजनैतिक पदो से जुड़े समूह एक स्थान पर जमे हुऐ है किन्तु वे समूह जिनके पास राजनैतिक पकड नही या खरीदी से वंचित हो गये अथवा प्रति वर्ष नये केन्द्र मे खरीदी का कार्य करना पडा इससे साफ है की महिला समूह की आड मे अधिकारियो पर राजनीति तथा नेताओ का दबाव कि तरह हावी है जो अपनी जिम्मेदारी से भी दूर भागते नजर आ रहे है।

## जिला खाद्य अधिकारी के लिये बनी चुनौती

वैसे 41 महिला स्व सहायता समूहो की फाईल जिला पंचायत सी ई ओ अंजली शाह जिला खाद्य अधिकारी मनोज पुरूबिया तथा जिला प्रबंधक संजय रस्तोगी एन आर एल एम सिवनी के नेतृत्व मे जांच करते खाद्य संचालनालय भोपाल को सौप दी गई है एवं अब इन्तजार महिला समूहो के नाम ड्राप डाउन मे प्रदर्शित होने का है जिसके बाद जिला खाद्य अधिकारी महिला स्व सहायता समूहो को धान खरीदी केन्द्र आवंटित करेगे और अब फाईल जमा होने के पश्चात ड्राप डाउन मे नाम आने के बाद केन्द्रो का निर्धारण जिला खाद्य अधिकारी किस स्थिति मे करेगे यह उनके लिये चुनौति होगी चूकि शुरूआत प्रक्रिया से ही विवादित समूहो का हस्तक्षेप सामने आया है जो अब जिला खाद्य अधिकारी के साथ उपार्जन समिति के लिये भी चुनौति होगा चुकि जिस तरह के उतार चढाव व राजनीति सामने आई है यह परशासनिक व्यवस्था के लिये चुनौती न हो।

# अधिवक्ता संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का हुआ शपथ ग्रहण



**सिवनी।** जिला अधिवक्ता संघ सिवनी की नवनिर्वचित कार्यकारणी का शपथ ग्रहण समारोह बीते दिवस शनिवार को जिला न्यायालय परिसर में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री विशाल धगट जी न्यायामूर्ति मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर, राधेलाल गुप्ता, अध्यक्ष मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर एवं आर के सिंह सैनी उपाध्यक्ष मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सतीश चंद्र राय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने की।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथ्य श्री दिनेश राय मुनमुन जी विधायक सिवनी के विशिष्ट अतिथ्य एवं सिवनी के न्यायाधीश गणों की उपस्थिति में हुआ संपन्न।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम कार्यकारणी द्वारा मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया तत्पश्चात संघ के वरिष्ठ अधिवक्तागणो पुष्पहगुच्छ देकर स्वागत् किया गया।नवनिर्वाचित कार्यकारणी अध्यक्ष पंकज जैन, उपाध्यक्ष अल्लाउद्दीन खान, सचिव हीरलाल जरगे, सहसचिव ऋषभपाल सिंह बघेल, कोषाध्यक्ष श्रीराम बघेल एवं कार्यकारणी सदस्य अभिषेक भगत, रोहित बघेल, मोनू यादव, आशीष सोलंकी, संतोष सराठे, नेतराम चौरसिया,अमित गुप्ता, शीतल यादव, शालिनी डहेरिया को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सतीश चंद्र राय जी द्वारा शपथ दिलायी गयी। विशाल धगठ न्यायाधीपति द्वारा निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। समारोह में शपथ ग्रहण के पश्चात संघ के पूर्व उपाध्यक्ष श्री सजल दे द्वारा रंगारंग कार्यक्रम नये पुराने गीतों की पेशकश की गयी जिसका अभिभाषकगणों द्वारा भरपुर आनंद उठाया सामरोह् के पश्चात स्वरिचिभोज रखा गया जिसमे न्यायाधीश गण,अधिवक्ता गण, अधिवक्ता लिपिक, न्यायालय के कर्मचारी गणों द्वारा भोज ग्रहण कर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में विशाल धगट न्यायामूर्ति मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर,श्री राधेलाल गुप्ता जी अध्यक्ष मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर एवं श्री आर के सिंह सैनी जी उपाध्यक्ष मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर ने समारोह में अपने अपने उदगार प्रस्तुत किये एवं जिला न्यायलय को यथा स्थान पर रखे जाने एवं न्यायालय की आस पास की भूमि का अधिग्रहण करने का अश्वासन अधिवक्ता गणों को दिलाया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन संघ के सचिव हीरालाल जरगे द्वारा किया गया।समारोह में मंच संचालान संघ के पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता मुकेश अवधिया द्वारा किया गया।



# अरुणाचल पब्लिक स्कूल के पास निकला कोबरा सांप, मची दहशत

**सिवनी।** राजपूत कॉलोनी अरुणाचल पब्लिक स्कूल के पास कोबरा सांप दिखाई देने से लोगों में दहशत फैल गई। स्थानीय नागरिकों ने इसकी सूचना तत्काल सर्प मित्र प्रवीण तिवारी को दी। जिस पर सर्प मित्र ने विषैले कोबरा सर्प को सावधानी पूर्वक पकड़ कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा।

# ज्योतिषाचार्य रोहित के घर पहुंचे तोगड़िया

▶ हिंदू परिषद के अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया का रोहित सक्सेना के निवास पर हुआ आत्मीय स्वागत

**सिवनी।** सिवनी नगर के शास्त्री वार्ड बारापत्थर में स्थित ज्योतिष आचार्य रोहित सक्सेना के निवास पर डॉक्टर प्रवीण भाई तोगड़िया का सक्सेना परिवार के बीच आगमन हुआ।

इस मौके पर उपस्थित नागरिकों ने अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ प्रवीण भाई तोगड़िया का स्वागत सम्मान इस किया तथा उनसे सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रमोद राय, स्वराज बघेल, अनीश गोलू उइके, रोहित सक्सेना शुभम बघेल पत्रकार शरद दुबे राकेश मालवीय पूर्व पार्षद अलकेश रजक युवा मोर्चा उपाध्यक्ष मनोज गौतम वीरू तिवारी पवन वाचले जितेंद्र मालवीय अमोल शुक्ला संजय संजू बघेल नीतू जँघेला मितेंद्र मिंटू राहंगडाले की गरिमांमय उपस्थिति रही।

